भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
22.07.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 587 का उत्तर

धाराशिव-बीड-छत्रपति संभाजीनगर नई रेल लाइन परियोजना

587. श्री बजरंग मनोहर सोनवणे:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने धाराशिव-बीड-छत्रपति संभाजीनगर नई रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी है और इसके लिए प्रारंभिक निधि जारी कर दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि परियोजना को शीघ्रता से पूरा करने के लिए पर्याप्त बजटीय आवंटन नहीं किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का उक्त परियोजना को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करने के लिए आगामी केंद्रीय बजट में पर्याप्त बजटीय आवंटन प्रदान करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो प्रस्तावित आवंटन और इसे पूरा करने की समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): धाराशिव-बीड-छत्रपति संभाजीनगर नई रेलवे लाइन (240 कि.मी.) की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने हेतु सर्वेक्षण कार्य को मंजूरी दे दी गई है। सर्वेक्षण कार्य शुरू कर दिया गया है।

विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी.पी.आर.) के तैयार होने के पश्चात, परियोजना की स्वीकृति के लिए राज्य सरकार सहित विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श और आवश्यक अनुमोदन अर्थात नीति आयोग, वित्त मंत्रालय आदि के मूल्यांकन की आवश्यकता होती है। चूंकि परियोजनाओं की स्वीकृति एक सतत और गतिशील प्रक्रिया है, इसलिए निश्चित समय-सीमा तय करना विभिन्न हितधारकों के मूल्यांकन और अनुमोदन पर निर्भर करता है।

****